हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 3 फरवरी 2026
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 14. 0 डिग्री

त्रिवेणी संगम तट पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ चित्रोत्पला गंगा की हुई महाआरती

4



## खबर संक्षेप

### जिला रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैंप 5 को

**जांजगीर-चांपा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जांजगीर-चांपा द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से गुरुवार 5 फरवरी को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, जांजगीर-चांपा लाईवलीहुड कॉलेज परिसर जॉजगीर में एक दिवसीय प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि शिविर में निजी क्षेत्र के नियोजक परिश्रम रिसोर्सेज प्रा.लि. गुड़गांव उपस्थित रहेगें। परिश्रम रिसोर्सेज गुड़गांव द्वारा स्मार्ट मीटर इंस्टॉलेशन के 40 पद व सुपरवाईजर के 40 पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी। निर्धारित तिथि को उपस्थित होकर प्लेसमेंट कैंप का लाभ ले सकते है। अधिक जानकारी के लिये जिला रोजगार कार्यालय जॉजगीर चांपा से संपर्क किया जा सकता है।

### कक्षा 9वीं, 11वीं : लेटरल एंट्री प्रवेश परीक्षा 9 को

**जांजगीर-चांपा।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय चिस्दा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 9वीं एवं 11वीं में रिक्त सीट में प्रवेश हेतु 7 फरवरी को आयोजित होने वाली लेटरल एंट्री परीक्षा-2026 के प्रवेश पत्र जारी किया गया है। प्राचार्य पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय चिस्दा ने बताया कि कक्षा-9वीं हेतु वेबसाईट पर प्रवेश पत्र डाऊनलोड कर सकते है।

### स्मारिका मे लोक प्रस्तुतियों के लिये कलाकारों से आवेदन 5 तक

**जांजगीर-चांपा।** जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला 2026 का आयोजन जिला मुख्यालय जांजगीर में 11, 12 एवं 13 फरवरी तक आयोजित है। इस अवसर पर जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला हेतु प्रकाशित होने वाले स्मारिका के लिए लेख, रचनाएँ, कविता, कहानी प्रकाशन हेतु इच्छुक. रचनाकारों से उनकी मौलिक रचनाएं प्रकाशन हेतु आमंत्रित किये जाते है तथा आयोजन में स्थानीय कलाकारो के सामूहिक प्रस्तुति हेतु परिचय सहित आवेदन के साथ फोटो एवं मय सी.डी. सहित 05 फरवरी तक कार्यालय जिला पंचायत जांजगीर-चाम्पा के कक्ष क्रमांक 19 जाज्वल्यदेव महोत्सव शाखा में जमा कर सकते हैं। अंतिम तिथि पश्चात प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

### जमडी में भव्य महाशिवरात्रि मेले का आयोजन 15 से

**बिर्रा।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम जमडी (मल्दा) के महाकालेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर पांच दिवसीय महाशिवरात्रि मेला का आयोजन 15 फरवरी दिन रविवार को शुभारंभ किया जाएगा। इस संबंध में सौरभ कुमार शुक्ला ने बताया कि भव्य महाशिवरात्रि मेला में झूला, तमाशा ,सर्कस, मौत कुआं और कई प्रकार के व्यंजन एवं मनोरंजन के साधन आदि का व्यवस्था ग्राम वासियों के द्वारा किया जा रहा है। इस मेला का समापन 19 फरवरी गुरुवार को होगा। आयोजन की तैयारी को लेकर ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

### विभागीय एवं निजी संस्थानों से स्टॉल आरक्षण के लिए आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला 2026 का आयोजन जिला मुख्यालय जांजगीर में 11, 12 एवं 13 फरवरी 2आयोजन किया जाना है। मेला आयोजन स्थल हाईस्कूल 'ग्राउंड जांजगीर में स्टाल आरक्षण हेतु विभागीय एवं निजी संस्थानों को स्टॉल आरक्षण हेतु शुल्क जमा कर आरक्षित किया जा सकता है। शासकीय व विभागीय संस्थाओं हेतु प्रति स्टाल शुल्क 15 हजार एवं निजी संस्थाओं के प्रति स्टाल आबंटन शुल्क 10 हजार रखा गया है। मेला आयोजन स्थल हाईस्कूल ग्राउंड जांजगीर में स्टाल आरक्षण हेतु विभागीय एवं निजी संस्थानों को स्टॉल आरक्षण हेतु शुल्क जमा कर आरक्षित किया जा सकता है।

## तीन सालों में 5 हजार हेक्टेयर कम हुआ खरीदी का रकबा

# साल दर साल गिर रहा धान खरीदी का ग्राफ

.हरिभूमि न्यूज ⏭ जाजगीर-चांपा

जिले में समर्थन मूल्य पर होने वाली धान खरीदी का ग्राफ साल दर साल गिरते जा रहा है। बीते तीन साल के आंकड़ों पर ही नजर डाली जाए तो पहले जहां 1 लाख 27 हजार हेक्टेयर में धान की बिक्री होती है तो वहीं इस साल धान बेचने वाले पंजीकृत रकबा घटकर 1 लाख 22 हजार हेक्टेयर पर आ गया है। इस तरह से देखा जाए तो खरीदी में तीन सालों में 3 लाख क्विंटल से अधिक की कमी आई है। इतना ही नहीं रकबा पंजीयन पर देखा जाए तो 7 हजार हेक्टेयर कम हुआ है।

गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा की जाने वाली समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में कृषि प्रधान जांजगीर चांपा जिला शीर्ष स्थान पर रहा है। हालांकि सक्ती के नया जिला बनने के बाद यहां पंजीकृत रकबा और किसानों की संख्या घटकर आधी हो गई है, लेकिन विभाजन के बाद भी बीते तीन सालों के धान खरीदी के आंकडों पर नजर डाली जाए तो धान बेचने के लिए पंजीकृत कुल रकबा और धान बिक्री के रकबा में साल दर साल कमी आ रही है। वर्ष 2023-24 की खरीदी में जहां पंजीकृत किसानों का रकबा 1 लाख 29 हजार 583 हेक्टेयर था, वह दूसरे साल वर्ष 2024-25 में 1 लाख 28 हजार 739 हेक्टेयर पर आ गया। इसके बाद इस वर्ष 2025-26 में पंजीकृत धान का रकबा 1 लाख 26 हजार 848 हेक्टेयर रहा। दूसरी ओर पंजीकृत रकबा के हिसाब से बेचे गए धान के रकबे पर नजर डाली जाए तो वर्ष 2023-24 में जहां 1 लाख 27 हजार 155 हेक्टेयर में 64 लाख 7 हजार 622 क्विंटल धान की खरीदी हुई थी, तो वर्ष 2024-25 में 1 लाख 25 हजार 497 हेक्टेयर में 63 लाख 28 हजार 29 क्विंटल धान की खरीदी की गई, जबकि अबकी बार वर्ष 2025-26 में 1 लाख 22 हजार 118 हेक्टेयर में 60 लाख 96 हजार 866 क्विंटल धान की खरीदी हुई है। इस तरह से पंजीकृत रकबे में जहां 3 हजार हेक्टेयर की कमी हुई है तो वहीं बेचे गए धान के रकबे में 5 हजार हेक्टेयर से अधिक की कमी आई है। इस तरह से 3 सालों में धान खरीदी का आंकड़ा 3 लाख 10 हजार क्विंटल कम हुआ है।



### नहीं बेच पाए धान, आंदोलन की रणनीति तैयार कर रहे किसान



जांजगीर चांपा जिले के कई किसान समर्थन मूल्य पर धान की बिक्री नहीं कर पाए है। इसे लेकर किसान अब आंदोलन की रणनीति तैयार कर रहे है। किसानों ने बताया कि भौतिक सत्यापन एवं अन्य कई कारणों के चलते किसान धान की बिक्री नहीं कर पाए है। इसे लेकर कृषक चेतना मंच के संयोजक राजेशखर सिंह एवं उप संयोजक संदीप तिवारी ने जांजगीर के केरा रोड में किसानों की बैठक ली। इस बीच पन्नालाल पटेल, लक्ष्मण प्रसाद, सनत कुमार, नरेन्द्र मिश्रा, शंकरलाल, गिरजा शंकर, गोपाल प्रसाद चंद्रा सहित अन्य किसान बैठक में शामिल रहे। धान नहीं बेच पाने वाले किसानों ने अपनी समस्याओं को लेकर कलेक्टर को भी अवगत कराया है। ऐसे में अब किसान आंदोलन का मन बना रहे है। इसे लेकर किसानों की बैठक आयोजित की गई थी।

### की गई है खरीदी

समर्थन मूल्य पर पंजीकृत किसानों से धान की खरीदी की गई है। पंजीकृत रकबा में धान सहित अन्य फसलों की पैदावार होती है। पहले की अपेक्षा पंजीकृत किसान भी बढ़े है।

**-अमित साहू,**
नोडल अफसर
जिला सहकारी बैंक जांजगीर-चांपा

## बोर्ड परीक्षा में इस साल नहीं होंगे संवेदन एवं अति संवेदनशील केन्द्र

### 75 सेंटरों में 26 हजार से अधिक परीक्षार्थी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



दसवीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग तैयारी में जुट गया है। इस साल 75 परीक्षा केन्द्रों में से किसी भी परीक्षा केन्द्र को संवेदन एवं अति संवेदनशील केन्द्र के रूप में शामिल नहीं किया गया है। इन परीक्षाओं में 26 हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वारा हर साल 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा आयोजित की जाती है। हर साल की तरह इस बार भी परीक्षा फरवरी एवं मार्च महीने के दौरान आयोजित किया जाना है। इसको लेकर स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई है। खास बात यह है कि जांजगीर चांपा जिले के 5 ब्लाक अंतर्गत जिनमें बम्हनीडीह, पामगढ़, बलौदा, अकलतरा एवं नवागढ़ शामिल है। इनमें बोर्ड परीक्षा को लेकर 75 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है, लेकिन इनमें किसी भी केन्द्र को संवेदन एवं अति संवेदनशील केन्द्र के रूप में नहीं रखा गया है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार दसवीं बोर्ड परीक्षा में इस साल 14 हजार 210 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसी प्रकार 12वीं बोर्ड की परीक्षा में 12 हजार 520 छात्र शामिल होंगे। टोटल देखा जाए तो दोनों बोर्ड परीक्षा में करीब 26 हजार 730 परीक्षार्थी इस परीक्षा में शामिल होंगे, वहीं एग्जाम को लेकर जांजगीर चांपा जिले में 75 केंद्र भी बनाएं गए हैं। इधर बोर्ड परीक्षा को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा प्रारंभिक स्तर पर तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। बोर्ड परीक्षा के दौरान प्रमुख रूप से हिंदी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, भौतिक, रसायन जीव विज्ञान, कला एवं कॉमर्स से जुड़े प्रमुख विषयों की परीक्षा आयोजित की जाती है। बोर्ड परीक्षा फरवरी महीने के अंतिम सप्ताह में प्रारंभ होती है जो मार्च महीने के आखिरी सप्ताह तक चलता है। इधर बोर्ड परीक्षा को लेकर भी दसवीं एवं 12वीं के छात्रों के द्वारा पढ़ाई लिखाई प्रारंभ कर दी गई है ताकि परीक्षा के दौरान किसी तरह की कोई परेशानी ना हो। बोर्ड परीक्षा को लेकर केंद्र में पेयजल की समुचित व्यवस्था, बिजली की व्यवस्था एवं टेबल एवं बेंच की समुचित व्यवस्था भी की जानी रहती है। इसे लेकर स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी प्रारंभिक स्तर पर तैयारी प्रारंभ कर दिए हैं, वही बोर्ड परीक्षा को लेकर संबंधित केदो में केंद्र अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर भी बैठकों का दौर शुरू हो गया है। जिला शिक्षा अधिकारी एवं उनकी टीम के द्वारा विभिन्न केंद्र का निरीक्षण कर बोर्ड परीक्षा को लेकर निर्देश भी दिए जा रहे हैं।

इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार सिन्हा का कहना है कि 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। इस साल 26 हजार से अधिक परीक्षार्थी इस परीक्षा में शामिल होंगे वहीं इसके लिए करीब 75 केंद्र भी बनाए गए हैं। इस साल किसी भी परीक्षा केन्द्र को संवेदन एवं अति संवेदनशील केन्द्र की श्रेणी में नहीं रखा गया है।

## 94 शीशी नशीली सीरप के साथ चार आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



जब्त नशीली सीरप के साथ पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

94 शीशी अवैध नशीली सीरप के साथ 4 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला अडभार चौकी क्षेत्र के ग्राम बुंदेली का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 2 फरवरी को मुखबिर सूचना पर कुछ व्यक्ति मोटर साइकिल एवं वैगनआर कार क्र. सीजी 13 बीएफ 3626 में अवैध रूप से ओनेरेक्स नशीली सीरप खरसिया से अड़भार रोड होते हुए पोता की ओर बिक्री करने आ रहें हैं। सूचना पर घेराबंदी कर उपरोक्त आरोपियों को पकड़े, आरोपियों से 94 नग शीशी नशीला सीरप ओनेरेक्स कुल 9 लिटर 400 मि.ली. कीमती 18 हजार 894 रुपये, एक एसपी 125 मोटर साइकिल कीमती 70 हजार रुपये, एक वैगनआर कार क्र. सीजी 13 बीएफ 3626 कीमती 2 लाख 30 हजार रूपये को जप्त कर आरोपियों को 2 फरवरी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से आरोपियों को जेल भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवीण राजपूत, साइबर सेल से निरीक्षक अमित सिंह, सहायक उप निरीक्षक आदित्य सिंह, दिलीप खलखो, आरक्षक सेतराम पटेल, महेंद्र कंवर, अशोक टंडन, विनोद रात्रे, एलेक्स मिंज, गोपाल साहू शत्रुघन जांगड़े, हरीश चंद्रा का योगदान रहा।

### पुलिस की संवेदनशील पहल, स्व. आरक्षक के परिजनों को 1 करोड़ का बीमा चेक

**जांजगीर-चांपा।** पुलिस सैलरी पैकेज योजना के अंतर्गत जांजगीर-चांपा पुलिस विभाग द्वारा मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए कर्तव्यनिष्ठ स्वर्गीय आरक्षक के परिवार को आर्थिक संबल प्रदान किया गया है। थाना चांपा में पदस्थ रहे स्वर्गीय आरक्षक प्रहलाद दिनकर की पत्नी को 1 करोड़ रुपये की बीमा राशि का चेक सौंपा गया। उल्लेखनीय है कि 16 सितंबर 2025 को रात्रि ड्यूटी समाप्ति के बाद अपने घर लौटते समय लच्छनपुर चौक, मेन रोड पर हुए सड़क हादसे में आरक्षक प्रहलाद दिनकर का मौके पर ही निधन हो गया था। इस दुःखद घटना के बाद पुलिस सैलरी पैकेज योजना के तहत बीमा दावा प्रक्रिया पूर्ण की गई। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप 2 फरवरी को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, जांजगीर की नैला शाखा के बैंक प्रबंधक रवि शर्मा एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा 1 करोड़ रुपये का बीमा चेक स्व. आरक्षक की पत्नी को प्रदान किया गया। इस अवसर पर एएसपीउमेश कुमार कश्यप, डीएसपी मुख्यालय विजय पैकरा, मुख्य लिपिक दिनेश शर्मा सहित बैंक अधिकारी उपस्थित रहे।



## रेलवे स्टेशन का कायाकल्प...



**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय जांजगीर नैला के मॉडल रेलवे स्टेशन का इन दिनों कायाकल्प के तहत शेड का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इससे आने जाने वाले रेल यात्रियों को छाया मिलेगी।

### लंबे समय से फरार चल रहे 3 स्थाई वारंटी को पुलिस ने पकड़ा

**देवरी-सारागांव।** थाना सारागांव क्षेत्र के लंबे समय से फरार चल रहे 3 स्थाई वारंटी को सारागांव पुलिस ने पकड़ा है। एसपी विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में जिले में फरार वारंटियों की धरपकड़ हेतु सारागांव पुलिस द्वारा अभियान चलाया गया। अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है, जिसमें 03 स्थाई वारंट के आरोपी को गिरफ्तार किया गया। स्थाई वारंटियों में महेंद्र कुमार कश्यप निवासी कमरीद, देवीप्रसाद बरेट निवासी चोरिया एवं नरेंद्र सूर्यवंशी निवासी मोहगांव को पकड़ा गया है। कार्रवाई में निरीक्षक राकेश कुमार सूर्यवशी थाना प्रभारी सारागांव, प्रधान आरक्षक अर्जुन जांगड़े आरक्षक शंकर जय किशन, रामायण कंवर की भूमिका रही।

## लाखों की चोरी का नहीं लगा सुराग, हवा में हाथ पैर मार रही पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ तालदेवरी

ग्राम पंचायत तालदेवरी में मोबाइल एवं नगदी रकम की चोरी का अब तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। पुलिस हवा में हाथ पैर मार रही है।

ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत तालदेवरी में धोबी पारा मुहल्ला में कृष्णों साहू पति भगाउ राम साहू अपने घरेलु काम से 29 जनवरी को खाना खाकर सो रहे थे। इसी दौरान सुबह उठकर देखा तो उसे कमरे का आलमारी खुला हुआ था। जाकर देखने पर सोने का लाकेट कीमती 6 हजार, सोने का टाप्स 73 हजार व एक जोड़ी पायल किमती 6750 रुपये एक नग पुरानी इस्तेमानी मोबाइल किमती 3 हजार रुपये एवं नगदी रकम 30 हजार रुपये लाकर में नहीं था। कुल किमत 1 लाख 19 हजार रुपए को कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है। अज्ञात चोर विरुध रिपोर्ट करने के लिए 30 जनवरी की दोपहर 2:27 बजे बिर्रा थाना गयी थी लेकिन अभी तक चोर पुलिस के गिरफ्त से बाहर है जबकि आस पास में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाला गया जिसमें जिसमें चार पहिया इको वाहन में आते जाते दिख रहा है। सोचने वाली बात यह है कि जिस घर में चोरी हुई है वह मकान गांव से बाहर में नहीं है बल्कि बीच बस्ती में हैं। बहरहाल कुछ भी हो लेकिन चोर पुलिस गिरफ्त से अभी तक फरार है। पुलिस का कहना है कि चोर को पकड़ने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

### चल रही जांच

ताल देवरी में चोरी हुई है उसकी बारिकी से जांच पड़ताल की जा रही है। बहुत जल्द ही चोर को पकड़ा जाएगा। पुलिस द्वारा सीसीटीवी की जांच कर हर बिन्दुओं पर जांच की जा रही है।

**-जय कुमार साहू,**
थाना प्रभारी, बिर्रा

### जिला खेल अधिकारी ने विजेताओं को किया पुरस्कृत

## शतरंज केवल खेल नहीं बल्कि बौद्धिक विकास का सशक्त माध्यम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



शतरंज केवल एक खेल नहीं बल्कि बच्चों के मानसिक एवं बौद्धिक विकास का सशक्त माध्यम है। इस खेल से अनुशासन एवं निर्णय लेने की क्षमता विकसित होती है। राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागियों ने अपना परचम लहराया।

ज्ञात हो कि जिला मुख्यालय जांजगीर के हरियाली हैरिटेज में राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जांजगीर-चांपा, रायपुर,सक्ती बलौदाबाजार, कोरबा, बिलासपुर, रायगढ़ एवं अंबिकापुर, बस्तर, जशपुर, दुर्ग सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने भाग लिया। एसडीएम एवं जिला खेल अधिकारी सुब्रत प्रधान द्वारा विभिन्न वर्गो में विजेताओं को किया गया पुरस्कृतएसडीएम एवं जिला खेल अधिकारी सुब्रत प्रधान, समापन पर खिलाड़ियों को ट्रॉफी और नकद राशि प्रदान कर पुरुरकृत किया। अंडर-10 बालक वर्गवेदांश यादव ने प्रथम, आयांश फुल्लर ने द्वितीय एवं हधान मावलंकर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके बाद सक्षम जायसवाल, आदर्श गौतम एवं स्वस्तिक शर्मा क्रमशः चौथे, पांचवें एवं छठे स्थान पर रहे। अंडर-10 बालिका वर्गअनिरुद्धि अनंत ने प्रथम, सिद्धि सराफ ने द्वितीय एवं अनिका साहू ने तृतीय स्थान हासिल किया, जबकि अनाया लाकरा, सायंतिका मुखर्जी एवं शनाया कोसले ने क्रमशः चौथा, पांचवां एवं छठा स्थान प्राप्त किया। अंडर-15 बालक वर्ग प्रभमन सिंह प्रथम, रिमेश कालो द्वितीय एवं शुभम कुमार साहू तृतीय स्थान पर रहे। वहीं आदित्य वर्मा, आयुष यादव एवं सर्वेश ने क्रमशः चौथा, पांचवां एवं छठा स्थान प्राप्त किया। अंडर-15 बालिका वर्ग संबोधि सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि निधि ध्रुववंशी द्वितीय एवं अन्वेषा राठौर तृतीय स्थान पर रहीं। इसके अलावा रिमझिम केवट, अनुषा खांडे एवं कृतिका साहू ने क्रमशः चौथा, पांचवां एवं छठा स्थान हासिल किया। अंडर-19 बालक वर्ग गगन साहू ने प्रथम, भुवनेश्वर सिंह ने द्वितीय एवं प्रथम राठौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं लोकेश पांडे, विवेक कुमार सोनी एवं लकी फारूकी ने क्रमशः चौथा, पांचवां एवं छठा स्थान हासिल किया। इस दौरान जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष देवेंद्र राठौर, उपाध्यक्ष देवेंद्र यादव, कोषाध्यक्ष लोकेश यादव, सचिव गिरधर गोपाल, जयंती यादव, शशांक राठौर, राजू देवांगन, संतराम यादव, अभिजीत मावलंकर, सत्यप्रकाश तिवारी, सुश्री प्रतिभा यादव, मनीष सूर्यवंशी, हरवंश सूर्यवंशी, देवव्रत बैनर्जी, संतोष केवट उपस्थित थे।

## घर में घुसकर मारपीट व जान से मारने की धमकी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



रात्रि में घर में जबरन घुसकर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार 1 फरवरी को रात्रि लगभग 11.30 बजे ग्राम कोटमीसोनार निवासी प्रार्थी राजू पटेल के घर में आरोपी ने जबरन प्रवेश किया। आरोपी ने घर का दरवाजा लात मारकर तोड़ दिया तथा घर के भीतर घुसकर प्रार्थी के पुत्र के साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसके पश्चात आरोपी ने ईंट के टुकड़े से हमला कर मौके से फरार हो गया।घटना की सूचना पर पुलिस सहायता केंद्र कोटमीसोनार द्वारा तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। हिरासत में पूछताछ के दौरान आरोपी द्वारा जुर्म स्वीकार किए जाने पर उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 296, 351(2), 115(2) एवं 331(6) के तहत कार्रवाई की है।

## खबर संक्षेप

### बजट से पहले तम्बाकू उत्पादों की कीमत में उछाल

**कोरबा।** जिले में केन्द्र सरकार से पहले ही तंबाकू उत्पादों के थोक व्यापारियों ने सिगरेट, गुटखा, गुड़ाखू सहित अन्य तंबाकू उत्पाद के दाम बढ़ा दिए हैं। एक तरह से पुराने दर पर खरीदे गए सामानों की बिक्री में कालाबाजारी की जा रही है। इसका सीधा असर बजट से पहले ही उपभोक्ताओं की जेब पर पढ़ने लगा है। तंबाकू उत्पाद के थोक विक्रेताओं के द्वारा प्रति पैकेट में 10 से 50-80 रुपये तक की वृद्धि कर दी गई है, जिसकी वजह से चिल्हर विक्रेता दुकानदारों के द्वारा भी पैकेट के साथ-साथ प्रति नग के दर पर बिक्री किए जाने वाले सिगरेट, गुटखा गुड़ाखू व अन्य तंबाकू उत्पादों के दाम बढ़ा दिए गए हैं। आम उपभोक्ताओं की जेब पर 2 से लेकर 8 रुपए तक का भार बढ़ गया है।

### मनरेगा बचाओ अभियान संग्राम का आयोजन

**हरदीबाजार।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा द्वारा ब्लाक कांग्रेस कमेटी हरदीबाजार के ग्राम पंचायत कोरबी के छुईहापारा में मनरेगा बचाओ अभियान संग्राम का आयोजन किया गया था, जिसमें जिले के कांग्रेसी उपस्थित थे मनरेगा बचाओ अभियान संग्राम को कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक पुरूषोत्तम कंवर ने अपने उद्बोधन में मनरेगा मजदूरों को कहा कि हम सभी एक जुटकर हो करके हम सभी मनरेगा को बचाएंगे। पहले सभी गांवों में पलायन के लिए बाहर दूसरे प्रदेशों में काम करने के लिए परिवारों के साथ हमारे गांवों से बाहर जाते थे। इसी को देखते हुए कांग्रेस शासन के समय मनरेगा का शुभारंभ किया गया था।

### फॉर्म-7 बना लोकतंत्र को कुचलने का हथियार : मनोज

**कोरबा।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वय मुकेश राठौर एवं मनोज चौहान ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में चल रही विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के नाम पर मतदाता सूची से नाम विलोपन का संगठित षड्यंत्र सामने आया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण मनोज चौहान ने कहा है कि फॉर्म-7 का दुरुपयोग कर विशेष रूप से अल्पसंख्यक, ओबीसी, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के मतदाताओं को निशाना बनाया जा रहा है, जो सीधे-सीधे लोकतंत्र और संविधान पर हमला है। जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष मुकेश राठौर शहर ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी के संज्ञान में ऐसे अनेक मामले आए हैं, जहाँ संबंधित मतदाता को जानकारी दिए बिना, उनकी अनुमति के बिना, फर्जी नाम व हस्ताक्षर लगाकर फॉर्म-7 प्रस्तुत किए गए। यह न केवल चुनावी नियमों का उल्लंघन है। एसआईआर की आड़ में कुछ ताकतें यह तय करना चाहती हैं कि कौन वोट देगा और कौन नहीं। यह सोच लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों के खिलाफ है। इसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इन गंभीर मामलों को लेकर एसआईआर एवं मनरेगा के जिला प्रभारी विजय केशरवानी के मुख्य आतिथ्य एवं पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल की विशेष उपस्थिति में कांग्रेस पार्टी द्वारा 2 फरवरी को अपराह्न 4 बजे, जिला कांग्रेस कार्यालय में बैठक आयोजित की जा रही है, जिसमें आगे की कानूनी, प्रशासनिक एवं जनआंदोलन की रणनीति तय की जाएगी।

# तीन माह से आवास की तीसरी किश्त लेने चक्कर काट रहे पहाड़ी कोरवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

पीएम जन मन योजना अंतर्गत पिछड़ी संरक्षित जनजाति क्षेत्रों के पहाड़ी कोरवा और बिरहोर परिवारों को झोपड़ी मुक्त पक्का आवास बनाने के लिए आवास योजना लागू की गई थी। इस योजना से दो किश्त लेकर आवास बनाने वाले पहाड़ी कोरवा परिवार तीसरे किश्त के लिए जनपद और जिला पंचायत का चक्कर काट रहे हैं। वहीं जिन व्यवसायियों से निर्माण सामग्री खरीदी गई थी उनके द्वारा पहाड़ी कोरवा परिवारों पर भुगतान के लिए दबाव भी बनाया जा रहा है।

समय पर शासकीय योजनाओं की राशि की किश्त मिलना मुश्किल भरा काम हो जाता है। हितग्राहियों का चयन कर उनकी नाम सूची शासन को भेजी जाती है और उसके बाद उनके नाम से बैंक खाते में राशि जारी की जाती है। ऐसी ही शासकीय योजनाओं में एक पीएम जन मन आवास योजना है जिसकी शुरुआत वर्ष 2024 में हुई थी और उसके बाद से जनजाति क्षेत्रों में पक्का मकान बनाए जाने के लिए कार्ययोजना बनाकर पीएम जन मन योजना से तीन किश्त में राशि जारी करने के नियम से पहाड़ी कोरवा हितग्राहियों को पहली किश्त में 60 हजार और दूसरी किश्त में 40 हजार रुपए की राशि जारी करने के बाद हितग्राहियों ने मार्केट से सामान की खरीदी कर निर्माण कार्य शुरु कर मकान तो तैयार किए लेकिन वह भी आधे अधूरे हैं। तीसरी किश्त नहीं मिलने के कारण हितग्राहियों के शेष कार्य शुरु नहीं हो पा रहे हैं। 1 लाख रुपए की राशि से ही निर्माण सामग्री की खरीदी कर आवास तो बनाया गया लेकिन तीसरी किश्त नहीं मिलने से बाजार से उधार में खरीदी गई निर्माण सामग्री का भुगतान व्यवसायियों को नहीं किए जाने के कारण शेष निर्माण कार्य के लिए व्यवसायियों से निर्माण सामग्री का मिलना बंद हो गए हैं। तीन किश्त मिलाकर 1 लाख 80 हजार रुपए की राशि जारी होना है और वह भी पूरी नहीं हो सकी है।

## पीएम जन मन योजना से बन रहे हैं जनजाति क्षेत्रों में आवास

**खास बातें**

- दो किश्त में निर्माण शुरू किया, भुगतान के लिए दबाव झेल रहे व्यवसायियों का



### 492 आवासों का होगा निर्माण

पीएम जन मन आवास योजना अंतर्गत जिले के पिछड़ी संरक्षित जनजाति क्षेत्रों में लगभग 492 आवासों का निर्माण किया जाना है। जिनमें सर्वाधिक आवास कोरबा और करतला विकासखंड में किया जाएगा। इन दोनों विकासखंड में पिछड़ी संरक्षित जनजाति परिवारों की संख्या अन्य विकासखंड की तुलना में सर्वाधिक है। पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड में बिरहोर जनजाति कोरबा ब्लॉक की तुलना में अधिक है। वहीं पाली ब्लाक में भी बिरहोर परिवारों की बाहुल्यता है। सभी क्षेत्रों में आवास निर्माण की प्रक्रिया शुरु हो चुकी है।

## धान खरीदी केंद्रों से 20 दिन से धान का उठाव है बंद

# खरीदी केंद्रों में हजारों क्विंटल धान जाम सूखत की भरपाई करेगी समिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बीते 20 दिन से धान खरीदी केंद्रों से धान का उठाव नहीं होने के कारण हजारों क्विंटल धान समितियों में जाम पड़ा है और अब तेज धूप के कारण धान में सूखत आना तय हो गया है। ऐसी स्थिति में जितने क्विंटल धान का शार्टेज होगा उसकी भरपाई समिति से की जाएगी। अब तक धान उठाव के लिए कोई आदेश नहीं होने से समिति प्रबंधकों में चिंता व्याप्त हो गई है।

जिले में इस वर्ष 27 लाख 38 हजार 120 क्विंटल धान की खरीदी हुई है और अब तक केवल आधे धान का ही उठाव हुआ है। करोड़ों रुपए का धान अभी भी खुले आसमान के नीचे पड़ा है और शासन की ओर से अब तक उठाव के नए आदेश जारी नहीं होने से बड़े धान उपार्जन केंद्रों में खरीदे गए धान को रखने के लिए अलग से जगह किराया पर लेना पड़ा है तब कहीं जाकर स्थिति सामान्य हो सकी है किंतु उठाव नहीं होने के कारण लगभग 13 लाख क्विंटल का धान समितियों में जाम पड़ा है और जब तक उठाव के आदेश नहीं होंगे और जितने दिन धान धूप में रखे रहेंगे उतनी ही तेजी से उनमें सूखत आती जाएगी और इस सूखत की भरपाई समितियों को खरीदी से मिलने वाले कमीशन की आय से करना होगा और इस वर्ष सबसे ज्यादा सूखत आने की समिति के प्रबंधकों ने नोडल अधिकारियों को दी है। मौसम में बदलाव को लेकर भी आशंका व्यक्त की जा रही है। अगर बदले मौसम की वजह से बेमौसम बारिश हुई तो खुले में रखे धान का भीगना भी तय माना जा रहा है। जिले में 43 हजार 566 किसानों ने समर्थन मूल्य पर 648 करोड़ का 27.38 लाख क्विंटल धान बेचा है।

**खास बात**

- खरीदी बंद होने के बाद भी उठाव के लिए नहीं हुए आदेश



फाइल फोटो

### 8 हजार 990 किसान नहीं बेच सके धान

इस साल धान खरीदी के लिए कुल 52 हजार 566 किसानों नर एग्रिस्टैक पोर्टल पर पंजीयन कराया था।जिसमें से 8 हजार 990 (17.10 फीसदी) किसान उपार्जन केंद्र में धान ही नहीं बेच सके। गत वर्ष 2024 -25 की तुलना करें तो गत वर्ष 44 हजार 427 किसानों ने समर्थन मूल्य पर धान बेचा था। इस लिहाज से देखें तो गत वर्ष की तुलना में ही 861 किसान कम रह गए।

### भैसमा में लगातार दूसरे वर्ष भी सर्वाधिक खरीदी

1 नवंबर से 31 जनवरी तक चले धान खरीदी अभियान में 41 समिति के 65 उपार्जन केंद्रों में 27 लाख 38 हजार 120.40 क्विंटल धान की आवक हुई । 43 हजार 566 किसानों ने समर्थन मूल्य पर 648 करोड़ 66 लाख 7 हजार 227.60 रुपए का धान बेचा। 88 हजार 54 .60 क्विंटल धान खरीदी कर उपार्जन केंद्र भैसमा लगातार दूसरे साल सभी 65 उपार्जन केंद्रों में सिरमौर रहा । खरीदे गए धान में से 31 जनवरी की स्थिति में 14 लाख 13 हजार 970 क्विंटल 51.64 फीसदी धान का उठाव ही हुआ है।

# सड़क हादसे में सुरक्षा कर्मी की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



मृतक

दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत सीपेट के समीप एक तेज रफ्तार वाहन चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

**खास बात**

- सीपेट के समीप अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी ठोकर

उल्लेखनीय है कि सीपेट के पास सड़क पर एक बाइक सवार खून से लथपथ पड़ा मिला। राहगीरों ने इसकी सूचना 112 और दर्री पुलिस को दी। मौके पर पहुंची 112 की टीम ने पाया कि बाइक क्षतिग्रस्त थी और सवार की मौत हो चुकी थी। शव को जिला मेडिकल कॉलेज के शव कक्ष में रखवाया गया। मृतक की पहचान 26 वर्षीय दीपेंद्र पटेल के रूप में हुई, जो कटघोरा के बरपाली गांव का निवासी था। पुलिस ने उसके परिजनों को फोन पर घटना की सूचना दी।

जानकारी के अनुसार, दीपेंद्र पटेल शनिवार की रात करीब 10 बजे अपने घर बरपाली से दर्री स्थित सीएसईबी में ड्यूटी के लिए निकला था। सीपेड के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि दीपेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। उसके चेहरे और सीने पर गंभीर चोटें आई थीं। परिजनों ने बताया कि, दीपेंद्र सीएसईबी में सुरक्षा गार्ड के पद पर कार्यरत था। घर का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था। वह रोज की तरह रात में खाना खाने के बाद ड्यूटी के लिए निकला था। पुलिस के अनुसार, दीपेंद्र पटेल की मौत सड़क हादसे में हुई है। हालांकि, यह दुर्घटना कब, कैसे और किन परिस्थितियों में हुई, यह जांच का विषय है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है।

# रेलवे ट्रैक निर्माण सामग्री के गबन मामले में दो और आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गेवरा रोड से पेंड्रा रोड के मध्य नई विद्युतीकृत डबल रेलवे लाइन निर्माण कार्य में उपयोग होने वाली सामग्री के गबन के मामले में पुलिस ने कार्यवाही की है।

**खास बातें**

- गेवरा-पेंड्रारोड रेल कॉरिडोर निर्माण सामग्रीके गबन का मामला
- कर्मचारी द्वारा सामान चोरी कर बेचा जा रहा था कबाड़ी को



जप्त जेसीबी वाहन।





आरोपीगण

शिवाकृति इंटरनेशनल लिमिटेड कंपनी द्वारा थाना कटघोरा में शिकायत की गई थी, जिसमें रेलवे साइड सिंघिया एवं सुतर्रा स्थित स्टोर से लोहे के स्लीपर एवं अन्य सामग्री के गायब होने की सूचना दी गई थी।

मामले में कटघोरा एसडीओपी विजय सिंह राजपूत के द्वारा शिकायत जांच किया जा रहा था। जांच के दौरान कंपनी के कर्मचारियों, गार्डों एवं अन्य संबंधित व्यक्तियों से विस्तृत पूछताछ की गई। जांच में यह तथ्य स्पष्ट हुआ कि घटना किसी भी प्रकार की हथियारबंद लूट या बाहरी डकैती की नहीं है, बल्कि यह मामला संस्था के भीतर कार्यरत व्यक्तियों द्वारा पद का दुरुपयोग कर की गई आंतरिक गबन होने से अपराध पंजीबद्ध कर जांच की जा रही है। पुलिस के जांच में सामने आया कि तेजबहादुर पटेल (जेसीबी ऑपरेटर) द्वारा अपने पद का दुरुपयोग करते हुए विगत कई महीनों से रेलवे निर्माण सामग्री को चोरी कर कबाड़ी को बेचकर अवैध लाभ अर्जित किया गया। राहुल सिंह मरकाम द्वारा भी इस कृत्य में संलिप्तता पाई गई। जांच में यह भी सामने आया कि कुछ कर्मचारियों को भ्रामक जानकारी देने हेतु दबाव बनाया गया, जिससे प्रारंभिक स्तर पर घटना को बाहरी लूट के रूप में दर्शाने का प्रयास किया गया। पुलिस द्वारा आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त जेसीबी वाहन, रेलवे लोहे के स्लीपर के टुकड़े एवं नगद राशि जप्त की गई है, जिसकी कुल अनुमानित कीमत 25 लाख 6 हजार रुपये है। मामले में आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### एसईसीएल सीएमडी ने किया डब्ल्यूसीएल सीएमडी का अतिरिक्त प्रभार ग्रहण

**कोरबा।** एसईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने नागपुर स्थित डब्ल्यूसीएल मुख्यालय पहुँचकर डब्ल्यूसीएल के सीएमडी का अतिरिक्त प्रभार औपचारिक रूप से ग्रहण किया।आगमन पर डब्ल्यूसीएल निदेशक मंडल एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी द्वारा श्री दुहन का आत्मीय स्वागत किया गया।

**न्यायालय तहसीलदार जांजगीर, जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्रं/ तह./वा-1/2026
जांजगीर, दिनांक 29.01.2026
ग्राम- जांजगीर

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक शेखरनंद पिता स्व. जे.डी. नंद जाति ईसाई निवासी मिशन कम्पाउण्ड केरा रोड वार्ड नंबर 22 जांजगीर, हा.मु. फलैट नंबर 203, टॉवर -5 ओवो लषलाईफ नियर विशप स्कूल उंड्री पुणे शहर, पुणे महाराष्ट्र 411060 द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार प.ह.न. 05 ग्राम जांजगीर स्थित आबादी भूमि ख.न. 2617/1 रकबा 7.689 हे. में से 7832 वर्गफीट भूमि आवेदक के पिता जे.डी. नंद के द्वारा विक्रेता इवेंजेलिकल ट्रस्ट असोसिएशन ऑफ नार्थ इंडिया के तरफ से मुख्तियार आम एस. स्टीफन पिता बी.डी. स्टीफन साकिन जगदलपुर से दिनांक 20.08.1986 को कीमती 7947/-में पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर क्रय कर काबिज थे। क्रेता द्वारा खरीदी दिनांक से आपसी बंटवारा में दिनांक 13.10.2000 से आवेदक को प्राप्त होने पश्चात उक्त वाद भूमि के 2611 वर्गफीट/242.19 वर्गमीटर भाग पर आवेदक स्वत्व सहित मौके पर कब्जे में है। आवेदक द्वारा अपने कब्जे की भूमि ख.न. 2617/1 में से रकबा 2611 वर्गफीट / 242.19 वर्गमीटर को राजस्व अभिलेख के कैफियत कॉलम नं. 10 में दर्ज किए जाने प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति /संस्था को दावा/आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 23.02.2026 तक न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 29.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा द्वारा जारी किया गया है।

**तहसीलदार जांजगीर**

**// सूचना //**

मैं आनंद तिवारी, पिता श्री रामविलास तिवारी निवासी वार्ड नं. 9, हरेली हेरिटेज के पीछे, जांजगीर, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) यह सूचित करता हूँ कि ग्राम - करमंदी, तहसील जांजगीर, जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.) के खसरा क्रमांक 657/1, 658/1, 661, 662, 663 रकबा 1.024 हेक्टेयर पर चूनापत्थर उत्खनन पट्टा स्वीकृत है। जिसके नियमित संचालन के लिये राज्य स्तर -पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण छत्तीसगढ़ FILE NO. OL/REAPP_EC/MIN/JANJGIR_CHAMPA/4293 दिनांक 20/12/2025 के माध्यम से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। पर्यावरण स्वीकृति पत्र में दी गई नियम के अनुसार उक्त सूचना का प्रकाशन किया जा रहा है।

आनंद तिवारी
जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

TOP IN JANJGIR

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच

डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग ) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलांओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,

दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच

डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतो से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज

जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं अर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क

मॉड्युलर ऑपरेशन थियेटर,सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई.ई.जी. स्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, युरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पतियों का परामर्श एवं इलाज , महिलायों से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतो का फटना, वरिकोसेल, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरॉइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन

पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

जाँजगीर मार्केट

आदित्य प्लाई, हार्डवेयर, फर्नीचर
मो. 6260115021
प्लाई, सनमाइका, फेवीकोल, सेंट्रींग प्लाई, वॉल पेपर, मंदिर दरवाजे, खिड़की, चौखट, तखत, टेबल, सोफा सेट, दीवान पलंग, सेंट्रींग फर्मा, गद्दे, तकीये एवं शादी विवाह के संपूर्ण समान थोक एवं चिल्हर
एक छत के नीचे कम दाम पर प्राप्त करें।
संबंधित प्रतिष्ठान: सिंघानिया लकड़ी लघु उद्योग
सभी प्रकार की ईमारती लकड़ी एवं सेंट्रिंग की लकड़ी कम दर पर प्राप्त करें।
लिंक रोड, नेताजी चौक, बैंक ऑफ बड़ौदा के पास जांजगीर मो.9302362173

प्रो. विद्याशंकर सिंघानिया
विद्या इलेक्ट्रिकल्स
सभी कम्पनियों के बिजली सामनों के थोक एवं चिल्हर विक्रेता ।
न्यू चांपा रोड, नेताजी चौक जांजगीर
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
9926744810

संजीवनी SPRHC
फिजियोथेरेपी एवं पाईल्स क्लीनिक
पाईल्स बवासीर भगंदर पथरी (बिना ऑपरेशन)
- फ्रेक्चर, प्लास्टर, ऑपरेशन के बाद जोड़ों का दर्द, जकड़न, ना मुड़ना
- कमर, गर्दन, कंधा, घुटना, एड़ी का दर्द
- सियाटिका, वात, लकवा (हाथ,पैर,मुह)
- नसों से संबंधित दर्द
डॉ. श्रीमती ममता साहू BAMS, MS(Surgery), CGO (Nagpur)
डॉ. योगेश साहू (P.T.) BPT, MPT (Ortho.), CMT, DNHE
परशुराम चौक, डॉ. चन्द्रा हॉस्पिटल के बगल गली में, चाम्पा
M : 96915 53615

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666

समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# शुरू हुई रश्मिका और विजय देवरकोंडा की शादी की तैयारी

**मुंबई।** काफी समय से साउथ एक्टर विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना की शादी को लेकर खबर चल रही है। ऐसी चर्चा थी कि फरवरी महीने में दोनों शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर उदयपुर से एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें दावा किया गया है कि यहां पर रश्मिका और विजय देवरकोंडा की शादी होने वाली है। यह शादी 2 फरवरी को होगी। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल है, जो उदयपुर के सिटी प्लेस का है। इस वीडियो में दो लड़कियां बताती हैं कि यहां पर रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा की कल शादी होने वाली है।

लाइफ Style

# नीलम



## गोविंदा के साथ रोमांस की अफवाहों पर रखी राय

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेता गोविंदा कई वजहों से अक्सर सुर्खियों में रहते हैं। अब वह अभिनेत्री नीलम के बयान के बाद चर्चा में आ गए हैं। 1980 और 1990 के दशक में गोविंदा ने नीलम कोठारी के साथ कई फिल्मों में काम किया।

दोनों ने अपनी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री से दर्शकों का दिल जीता। अक्सर उनके रोमांस की अफवाहें उड़ीं। गोविंदा ने यह माना कि वह नीलम की तरफ आकर्षित थे। उन्होंने उनसे शादी करने के बारे में सोचा था। हालांकि, नीलम ने अब इस तरह की बातों को पूरी तरह से खारिज किया है। उषा काकडे प्रोडक्शन के साथ बातचीत में नीलम कोठारी से गोविंदा के साथ रोमांस के बारे में पूछा गया। इस पर उन्होंने कहा 'यह किसने कहा? गोविंदा जी बहुत ही अच्छे इंसान हैं, मगर यह जो सवाल है, यह सच नहीं है। हमने कई हिट फिल्में की हैं। हमारे बीच कुछ नहीं था।' एक्ट्रेस ने 90 के दशक में अपनी केमिस्ट्री को लेकर मीडिया में मचे बवाल के बारे में कहा, 'मुझे लगता है कि उस वक्त लिंक-अप्स पर कोई सफाई देने वाला नहीं था। उन्हें जो मन करता था, वे छाप देते थे। मुझे लगता है कि उन दिनों हम प्रेस से डरते थे। अगर आप किसी के साथ लगातार 2-3 से ज्यादा फिल्में करते थे, तो यह मान लिया जाता था कि... आप दोनों साथ हैं।' 1980 और 1990 के दशक की शुरुआत में, गोविंदा और नीलम कोठारी ने लगभग एक दर्जन फिल्मों में काम किया। इसमें 'इल्जाम', 'खुदगर्ज', सिंदूर, फर्ज की जंग, बिल्लू बादशाह, ताकतवर और घराना जैसी फिल्में शामिल हैं।

## हॉलीवुड मसाला




# रैपर पर टूटा दुखों का पहाड़

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के लोकप्रिय रैपर-सिंगर और एक्टर स्नूप डॉग की पोती का निधन हो गया है। स्नूप की महज दस महीने की पोती कोडी ड्रेक्स का निधन 26 जनवरी को हुआ। बेबी कोडी अस्पताल में भर्ती थी। घर लौटने के कुछ ही हफ्ते बाद बच्ची का निधन हो गया। बता दें कि कोडी, स्नूप डॉग की बेटी कोरी ब्रॉडस की बिटिया थीं। कोरी ब्रॉडस, स्नैप डॉग की सबसे छोटी संतान हैं और वे इकलौती बेटी हैं। कोरी की दस महीने की बेटी कोडी ड्रेक्स के निधन से परिवार शोक में डूबा है।



# कैथरीन को याद किया एक्टर मैकाले ने ...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की चर्चित फिल्म 'होम अलोन' की एक्ट्रेस कैथरीन ओहारा ने निधन से हॉलीवुड में दुख की लहर है। उनके साथ अभिनय करने वाले कलाकार भी गमगीन हैं। 'होम अलोन' में चाइल्ड आर्टिस्ट के रोल में दिखे मैकाले कल्किन ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए कैथरीन को याद किया है। फिल्म 'होम अलोन' में साल 1990 में रिलीज हुई थी। उस वक्त मैकाले कल्किन एक चाइल्ड आर्टिस्ट थे। अब वह 45 साल के हो चुके हैं। फिल्म 'होम अलोन' में उनके किरदार केविन की मां का रोल कैथरीन ने निभाया था। मैकाले, कैथरीन के काफी करीब थे। एक्ट्रेस के निधन की खबर सुनकर वह काफी दुखी हैं। शनिवार को मैकाले कल्किन ने एक भावुक पोस्ट साझा करते हुए कैथरीन को याद किया है।



# अरिजीत के फैसले पर जताई हैरानी...

**मुंबई।** अरिजीत सिंह ने अचानक प्लेबैक सिंगिंग छोड़ने के अपने फैसले से हर किसी को हैरान कर दिया। अभिनेत्री अदिति राव हैदरी ने भी अरिजीत सिंह के फैसले पर हैरानी जताई है। साथ ही उनका कहना है कि वो अब फिल्मों में अरिजीत के गानों को मिस करेंगी। अदिति ने कहा कि हे भगवान! मुझे अरिजीत की आवाज बहुत ही पसंद है। मुझे उनकी बहुत याद आएगी। उनकी आवाज की बहुत याद आएगी। लेकिन आप जानते हैं, मेरा मानना है कि एक कलाकार हमेशा कलाकार रहता है। एक रचनाकार हमेशा रचनाकार रहता है और कुछ भी हो सकता है। लेकिन कुछ करने की शक्ति, इच्छाशक्ति, सपना, प्रेम हमेशा आपके भीतर रहता है। एक रचनाकार हमेशा सृजन करता रहेगा। इसलिए वह हमेशा गाते रहेंगे।



# 'टॉक्सिक' के टीजर का का किया बचाव

**मुंबई।** फिल्ममेकर अनुराग कश्यप ने यश की अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' के टीजर का सपोर्ट किया है। उन्होंने बताया कि टॉक्सिक के क्लिप के खिलाफ विरोध से पता चलता है कि दर्शक स्क्रीन पर पुरुष और महिला की सेक्सुअलिटी पर कैसे दोहरा रवैया अपनाते हैं। 17वें बेंगलुरु इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के दौरान 'फियरलेस फिल्ममेकिंग' नाम के एक सेशन में अनुराग कश्यप ने कहा, 'टॉक्सिक के टीजर के खिलाफ जो गुस्सा दिखाया जा रहा है, वह हमारे कल्चरल पाखंड को दिखाता है। जब मेल एक्टर स्क्रीन पर शर्टलेस दिखते हैं या मर्दानगी दिखाते हैं, तो कोई सवाल नहीं उठाता। लेकिन जब कोई महिला अपनी सेक्सुअलिटी को दिखाती है, तो उसे स्वीकार करना मुश्किल हो जाता है।'

## टीवी मसाला



# टीवी की 'नागिन' चली बड़े पर्दे की राह कई सीरियल्स पर बनीं चर्चित फिल्में

**मुंबई।** एकता कपूर सीरियल 'नागिन' सीरीज को फिल्म के तौर पर भी पेश करने वाली है। ऐसी चर्चा सुनने को मिल रही है। जानिए, 'नागिन' सीरियल से पहले कौन-कौन से सीरियल पर फिल्म बन चुकी है। कुछ हिंदी टीवी सीरियल की कहानी बॉलीवुड फिल्मों से इंस्पायर होती है। लेकिन कुछ सीरियल अपने अलग तरह के कंटेंट की वजह से चर्चा में रहते हैं। इन दिनों 'नागिन 7' ने टीवी सीरियल की दुनिया में हलचल मचा रखी है। खबर है कि प्रोड्यूसर एकता कपूर अब इस सीरियल को फिल्म के तौर पर भी बनाने वाली है। लेकिन यह पहला सीरियल नहीं होगा, जिस पर फिल्म बन रही है। इससे पहले भी कई सीरियल ने यह राह पकड़ी है। जानिए, ऐसे ही कुछ चर्चित सीरियल्स के बारे में।

**नागिन** : हाल ही में एकता कपूर प्रोड्यूस सीरियल 'नागिन 7' टीवी पर टेलीकास्ट हुआ है। तीसरे हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में इसने टॉप पर जगह बनाई है। यह सीरियल दर्शकों को खूब पसंद आ रहा है। सीरियल में नागिन का लीड रोल प्रियंका चाहर चौधरी निभाई रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस टीवी सीरीज पर अब प्रोड्यूसर एकता कपूर फिल्म बनाने का सोच रही हैं। तो दर्शकों को टीवी की 'नागिन' बड़े पर्दे पर दिख सकती है।

**खिचड़ी** : सीरियल 'खिचड़ी' को दर्शकों ने टीवी पर खूब प्यार दिया था। यह कॉमेडी सीरियल जेडी मजेठिया ने प्रोड्यूस किया था। इस सीरियल पर एक फिल्म 'खिचड़ी द मूवी' साल 2010 में बनी थी। फिल्म में भी सीरियल की कास्ट नजर आई। इसमें सुप्रिया पाठक, राजीव मेहता, निमिषा वखारिया और जमनादास मजेठिया लीड रोल में दिखे। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी ठीक-ठाक कलेक्शन किया था। साल 2023 में 'खिचड़ी 2' फिल्म भी रिलीज हुई थी। इन दोनों फिल्मों को फिल्म आतिश कपाड़िया ने निर्देशित किया था।

**चला मुसद्दी ऑफिस ऑफिस** : साल 2010 में पंकज कपूर अभिनीत फिल्म 'चला मुसद्दी ऑफिस ऑफिस' भी रिलीज हुई। यह फिल्म भी टीवी के पॉपुलर सटायर कॉमेडी शो 'ऑफिस ऑफिस' पर बनी थी, यह सीरियल 2001 में टीवी पर टेलीकास्ट हुआ था। सीरियल और फिल्म में पंकज कपूर एक आम आदमी के रोल में नजर आए, जो सरकारी सिस्टम के जाल, भ्रष्टाचार के बीच फंस जाता है। फिल्म के निर्देशक राजीव मेहरा थे।

**भाबी जी घर पर हैं** : सीरियल 'भाबी जी घर पर हैं' भी टीवी पर कई साल से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। अब इस सीरियल के किरदार और कहानी को दर्शक बड़े पर्दे पर फिल्म के रूप में देखेंगे। सीरियल 'भाबी जी घर पर हैं' में आसिफ शेख, शुभांगी अत्रे, रोहताश गौर जैसे एक्टर्स नजर आते थे। यह सभी फिल्म का भी हिस्सा हैं। वहीं फिल्म में रवि किशन, मुकेश तिवारी जैसे उम्दा कलाकार भी फिल्म में नजर आएंगे। फिल्म 'भाबी जी घर पर हैं' 6 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। फिल्म को शंशाक बाली ने निर्देशित किया है।

# गौरव खन्ना के तलाक की चर्चा पर आकांक्षा ने दी प्रतिक्रिया

**मुंबई।** गौरव खन्ना बिग बॉस 19 जीतने के बाद से लगातार चर्चाओं में बने हैं। कभी अपनी पार्टी तो कभी अपनी पत्नी का डांस और अब पत्नी की एक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर। अब हाल ही में गौरव खन्ना की पत्नी आकांक्षा चमोला ने एक सोशल मीडिया पोस्ट साझा की थी। जिसके बाद गौरव और आकांक्षा के तलाक के कयास लगाए जाने लगे थे। अब इन खबरों के बढ़ने के बाद आकांक्षा ने इन खबरों पर प्रतिक्रिया दी है। बातचीत में आकांक्षा चमोला ने अपनी पोस्ट के बाद शादी में कलह को लेकर चलने वाली खबरों को खारिज किया। आकांक्षा ने कहा कि हमारे वैवाहिक जीवन में कोई समस्या नहीं है, और उस पोस्ट का गौरव से कोई लेना-देना नहीं था। मैं सोशल मीडिया पर निजी मामलों पर चर्चा नहीं करती। वह पोस्ट मेरी आने वाली सीरीज के प्रमोशन के लिए थी। इसका अलग-अलग अर्थ निकाला जा सकता था, लेकिन इसे बेवजह बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया। मेरा वैवाहिक जीवन स्थिर है और पोस्ट का निजी जीवन से कोई संबंध नहीं है।



***हमारे बीच कोई तुलना नहीं*** : ऑनलाइन ट्रोलिंग को लेकर आकांक्षा ने कहा कि मैं इस समय ट्रोलिंग की क्वीन बनी हुई हूं। मैं हमेशा से इस विषय पर खुलकर बोलती रही हूं। गौरव थोड़ा सतर्क हैं क्योंकि वह मेरी इमेज की रक्षा करना चाहते हैं। हमारे बीच उम्र का अंतर है और वह मेरी बात समझने के लिए काफी समझदार हैं। मैंने साफ तौर पर कहा है कि मैं मातृत्व को नहीं चुनती। यह मेरा निजी फैसला है और मुझे इसे किसी के सामने सही ठहराने की जरूरत नहीं है।

# रहमान ने अपने बयान का किया बचाव और कहा, 'दुनिया के साथ यही दिक्कत है...'

**मुंबई।** एआर रहमान 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के नए शो में नजर आए। यहां उन्होंने फिल्म 'गांधी टॉक्स' के बारे में बात की। उन्होंने इंडस्ट्री में काम मिलने वाले अपने बयान की तरफ भी इशारा किया। संगीतकार एआर रहमान हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में काम मिलने पर दिए गए अपने बयान को लेकर चर्चा में हैं। पिछले महीने उन्होंने यह कहकर सबका ध्यान खींचा था कि हाल के दिनों में हिंदी फिल्म इंडस्ट्री 'सांप्रदायिक' हो गई लगती है। बाद में उन्होंने कहा कि उनके बयान को गलत तरह से लिया गया। अब उन्होंने कहा कि कोई भी संदेश आगे बढ़ने पर बदल सकते हैं।

***बयान पर क्या बोले एआर रहमान*** : एआर रहमान 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के नए एपिसोड में नजर आए। यहां उन्होंने कहा 'यह देखना दिलचस्प है कि जानकारी कैसे गलत समझी जाती है। अलग राज्य और अलग संस्कृति का असर पड़ता है। दुनिया के साथ यह दिक्कत है कि कोई भी संदेश बीच में ही खराब हो जाता है।'



### 'गांधी टॉक्स' पर बोले रहमान

*एआर रहमान शो में अपनी नई फिल्म 'गांधी टॉक्स' के बारे में बात करने के लिए आए थे। इस फिल्म का निर्देशन किशोर बेलेकर ने किया है। इसमें विजय सेतुपति और अदिति राव हैदरी ने अहम किरदार निभाया है। फिल्म के बारे में बात करते हुए संगीतकार ने कहा कि बिना डायलॉग वाली फिल्म में काम करने में आजादी भी थी और दबाव भी था। उन्होंने कहा 'अगर किसी फिल्म में आवाज नहीं है तो यह संगीत के लिए जश्न है। आपके पास संगीत बनाने के लिए बहुत मौका है। हालांकि यह परेशान करने वाला भी है कि लोग आपको जज करेंगे।'*

### क्या बोले थे रहमान?

*एआर रहमान ने हाल ही में बीबीसी एशियन नेटवर्क के साथ बातचीत में बताया था कि पिछले आठ वर्षों में उन्हें हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में कम काम मिला है। उन्होंने इसकी वजह बताते हुए कहा 'शायद पिछले आठ वर्षों में पावर शिफ्ट हुआ है। अब पावर उन लोगों के पास है जो क्रिएटिव नहीं हैं। यह कोई सांप्रदायिक बात भी हो सकती है... लेकिन यह मेरे साथ नहीं हुआ।' उनके इस बयान पर कई सेलेब्स ने प्रतिक्रिया दी थी। इसके बाद रहमान ने सफाई दी थी।*

## इस बार अवॉर्ड फंक्शन को कॉमेडियन ट्रेवर नोआ कर रहे हैं होस्ट

# अब तक कई भारतीयों को मिल चुका है ग्रैमी अवॉर्ड

### जाकिर हुसैन को अलग-अलग कैटेगरी में चार बार मिला ग्रैमी

साल 1994 में विश्व मोहन भट्ट को बेस्ट वर्ल्ड म्यूजिक अल्बम के लिए अवॉर्ड मिला था। इसके अलावा भारत के दिग्गज तबला वादक जाकिर हुसैन को चार बार ग्रैमी अवॉर्ड मिला है। जाकिर हुसैन को पहली बार साल 2009 में बेस्ट कंटेम्पररी वर्ल्ड म्यूजिक अल्बम के लिए ग्रैमी मिला था। इसके बाद जाकिर हुसैन को साल 2023 में राकेश चौरसिया के साथ बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक परफॉर्मेंस के लिए ग्रैमी मिला। 2024 में जाकिर हुसैन और राकेश चौरसिया ने फिर ग्रैमी अवॉर्ड जीता। इस बार दोनों को बेस्ट कंटेम्पररी इंस्ट्रूमेंटल अल्बम के लिए ग्रैमी मिला था। 2024 में जाकिर हुसैन को फिर ग्रैमी मिला। इस बार वो शक्ति बैंड का हिस्सा थे।

*__मुंबई।__ 68वें ग्रैमी अवॉर्ड्स भारत में सोमवार को देखने को मिलेंगे। इस बार कई भारतीयों को नॉमिनेशन मिला है। लेकिन इससे पहले जानते हैं उन भारतीयों के बारे में जिन्होंने अब तक ग्रैमी अवॉर्ड जीता है। संगीत जगत के सबसे बड़े अवॉर्ड ग्रैमी अवॉर्ड का आयोजन 1 फरवरी को लांस एंजिल्स के क्रिप्टो कॉम एरिना में किया गया। इस अवॉर्ड में भारत की भी नजरें लगी हुई हैं। क्योंकि अनुष्का शंकर समेत भारत की ओर से संगीतकार सिद्धांत भाटिया, शक्ति और पियानो वादक एवं संगीतकार चारू सूरी को भारतीय संगीत में उनके योगदान के लिए नामित किया गया है। इनमें से कौन ये अवॉर्ड अपने नाम करेगा, इसका तो समय आने पर ही पता चलेगा।*



### इन्हें भी मिला है अवॉर्ड

इसके अलावा कई भारतीयों ने ग्रैमी अपने नाम किया है। पीए दीपक (2 बार) (2010 और 2022) एच श्रीधर (2010) गुलजार, एआर रहमान और तन्वी शाह (2010) रिकी केज (3 बार) (2015, 2019, 2023) फैलू (2022) वी सेलवागणेश, गणेश राजगोपालन, शंकर महादेवन और चंद्रिका टंडन के भी नाम शामिल हैं। इन सभी को साल 2024 में मिला था। इस बार 68वें ग्रैमी अवॉर्ड्स का आयोजन 1 फरवरी रविवार को हुआ। यह अवॉर्ड फंक्शन रात 8 बजे से शुरू हुआ और 11.30 बजे (अमेरिका के समयानुसार) तक चलेगा। यह यूट्यूब और ग्रैमी अवॉर्ड्स की वेबसाइट पर लाइव स्ट्रीम होंगे। वैसे यह अवॉर्ड फंक्शन सीबीएस (ब्रॉडकास्टर) पर भी टेलीकास्ट होंगे। हालांकि, भारत में ग्रैमी अवॉर्ड को सोमवार 2 फरवरी को देखा जा सकेगा। भारत में ये 2 फरवरी सुबह 6:30 बजे से जीयो हॉटस्टार पर लाइव देखा जा सकता है। इस बार अवॉर्ड फंक्शन को कॉमेडियन ट्रेवर नोआ होस्ट कर रहे हैं। वह आखिरी बार ग्रैमी को होस्ट करने वाले हैं।

### पंडित रविशंकर पहले भारतीय

ग्रैमी अवॉर्ड जीतने वाले भारतीयों की बात करें तो सबसे पहले साल 1968 में पंडित रविशंकर ने जीता था। इसके बाद उन्हें साल 1973, 2002 और 2013 में भी ये अवॉर्ड मिला है। 2013 में ही पंडित रविशंकर को लाइफटाइम अचीवमेंट भी मिला था।

खबर संक्षेप

## जयंती पर संत रविदास को पूजा-अर्चना कर किया याद



**जांजगीर-चांपा।** पूरे विश्व में संत शिरोमणि रविदास की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर जांजगीर नगर के वार्ड नंबर 10 रविदास नगर में भी रविदास जयंती आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में रविदास समाज के लोग पहुंचे थे। सभी लोगों ने संत रविदास का पूजन आरती किया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने लोगों से संत रविदास के बताए मार्ग पर चलने की बात कही। उन्होंने लोगों से कहा कि संत रविदास के बताए मार्ग पर चलने से समाज निरंतर आगे बढ़ेगा। कार्यक्रम में रमेश सोनवानी ,वीरेंद्र उग्रे ,भूपेंद्र रोहिदास ,अमर मिरि लोकेश सोनवानी , हरीश मिरि ,भोला सोनवानी ,डिकेश्वर रोहिदास राजेश्वर रोहिदास , शिव रोहिदास हरि सोनवानी,संजय उग्रे, अशोक सोनवानी, विजय रोहिदास ,अजय रोहिदास, अरविंद रोहिदास ,अश्विनी रोहिदास, देवराज, संगीता सोनवानी, तनु उग्रे, मीना उग्रे, वैजयंती सोनवानी देवकी सोनवानी, खुशबू रविदास, माधुरी दास, टीना सोनवानी, जानकी उग्रे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## दो दिवसीय सद्भावना सत्संग समारोह का हुआ आयोजन




**जांजगीर-चांपा।** सदगुरुदेव सतपाल महाराज की प्रेरणा से माघी पूर्णिमा के अवसर पर मानव उत्थान सेवा समिति जांजगीर चांपा के तत्वावधान में 31 जनवरी व 1 फरवरी को दो दिवसीय सद्भावना सत्संग समारोह का आयोजन भीमा तालाब जांजगीर में किया गया। प्रथम दिवस पर हरिद्वार से पधारे मुख्य वक्ता महात्मा दीप्ति बाई ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मानव का जीवन परमपिता परमात्मा की कृपा से प्राप्त इसमें परमात्मा के सच्चे नाम और रूप को जानकर मानव जीवन का कल्याण करें तभी हमारा जीवन सार्थक होगा। काशी से पधारे चित्रा बाई ने कहा कि समय के महापुरुष की खोज कर की सेवा करनी चाहिए। इन्होंने मानव जीवन में सच्चे सतगुरु के महत्व को बताया और कहा कितीरथ नहाए एक फलसंत मिले फल चार । सतगुरु मिले अनेक फलकहत कबीर विचार।। योग नगरी ऋषिकेश से पधारे नीरा बाई ने कहा कि सच्चे साधुओं की पहचान उनके स्वरूप से नहीं पहनावे से नहीं किन्तु ज्ञान से होती है। जिला प्रधान की गरिमामयी उपस्थिति रही। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त कार्यकर्तागण,मानव सेवा दल ,यूथ विंग, महिला प्रकोष्ट का सहयोग सराहनीय रहा।

## भाजपा महिला मोर्चा की पुनः महामंत्री बनी उमा राठौर



**बहेराडीह।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव के सहमति एवं डॉ नवीन मारकंडे प्रदेश महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी द्वारा भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा एवं जिला अध्यक्षों एवं महामंत्रियों की घोषणा की गई है। उक्त घोषणा में जिला पंचायत जांजगीर-चाम्पा के सभापति श्रीमती उमा राजेंद्र राठौर को भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला शक्ति के महामंत्री का पुनः दायित्व सौंपा गया है। गौरतलब है कि श्रीमती राठौर को भाजपा पार्टी की सक्रियता को देखते हुए दायित्व पुनः महिला मोर्चा के महामंत्री का दायित्व दिया गया है, सभापति राठौर जिला पंचायत जांजगीर चाम्पा के दूसरी बार सदस्य निर्वाचित हुई है, उनके महामंत्री बनने पर क्षेत्र सहित जिले में हर्ष का माहौल है। महामंत्री बनने की खबर सुनते ही उनके शुभचिंतको व कार्यकर्ता बधाई दी।

## ग्राम देवकिरारी में श्रीमद् देवी भागवत कथा 6 से




**किरारी।** ग्राम देवकिरारी में चतुर्थ वर्ष श्रीमद् देवी भागवत कथा का आयोजन होने जा रहा है, जिसकी तैयारी जोरों से चल रहीहै। कथा की तैयारी मे युवा आदर्श सेवा समिति एवं समस्त ग्रामवासी जूटे हुए हैं। यह आयोजन शुक्रवार 6 फरवरी से शुक्रवार 13 फरवरी तक आयोजित होगा। कथा प्रतिदिन दोपहर 2 से प्रारंभ होगी। आचार्य सुनील महाराज कसडोलवाले होंगे। आयोजक युवा आदर्श सेवा समिति के अध्यक्ष रामलाल श्याम के अनुसार पंडाल में श्रोतागण के बैठने के लिए पूरी व्यवस्था किया गया है। कथा उपरांत श्रद्धालुओं के लिए भव्य भण्डारा का आयोजन होगा जिनमें सैकड़ों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगें। युवा आदर्श सेवा समिति के पदाधिकारियों ने ग्राम देवकिरारी सहित आसपास क्षेत्र के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर श्रीमद देवी भागवत कथा रसपान करने अपील किया है। देवी भागवत का आयोजन होने से गांव में भक्ति का माहौल देखने को मिलेगा।

प्रत्येक दिवस सांध्याकालीन बेला में 27 वर्षों से हो रहा आयोजन

# त्रिवेणी संगम तट पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ चित्रोत्पला गंगा की हुई महाआरती

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

माता शबरी की पुण्य धरा शिवरीनारायण में महानदी त्रिवेणी संगम तट पर स्थित बाबा घाट में माघी पूर्णिमा के अवसर पर चित्रोत्पला गंगा महाआरती का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार महानदी, जोंक नदी एवं शिवनाथ नदी के पवित्र संगम तट पर महा आरती आयोजित की गई।

शाम 6:30 बजे महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज अपने सहयोगियों सहित बाबा घाट में आरती स्थल पर उपस्थित हुए। श्री भगवान शिवरीनारायण मठ मंदिर न्यास के तत्वावधान में चांपा सेवा संस्थान के द्वारा महाआरती की तैयारीयां पूर्ण की जा चुकी थी। राजेश्री महन्त एवं उपस्थित गणमान्य नागरिकों के द्वारा आरती के लिए उपस्थित ब्राह्मणों का उनके सहयोगियों सहित शाल, श्रीफल, पुष्पमाला से स्वागत किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महा आरती का कार्यक्रम विधिवत संपन्न हुआ। महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त महाराज ने अपने संदेश में कहा है कि- शिवरीनारायण के इस पवित्र त्रिवेणी संगम तट पर प्रत्येक दिवस सांध्याकालीन बेला में 27 वर्षों से आरती का कार्यक्रम संपन्न होते रहे हैं। माघी पूर्णिमा के अवसर पर विगत कुछ वर्षों से महाआरती संपन्न हो रहा है, इस वर्ष भी यह बहुत ही धार्मिक रीति रिवाज के साथ संपन्न हुआ है भगवान शिवरीनारायण से प्रार्थना है कि यह कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष इसी तरह सानंद संपन्न होता रहे। उन्होंने माघी पूर्णिमा की समस्त देशवासियों को शुभकामनाओं के साथ बधाई दी है।


पूजा अर्चना करते महामंडलेश्वर राजेश्री महंत रामसुंदर दास।

महाआरती संपन्न कराने के लिए बाबा घाट को विद्युत की भव्य रोशनी एवं पुष्पमालाओं से सजाया गया था। इस अवसर पर व्यापक आतिशबाजी ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बिलासपुर से आए हुए पंडित महावीर शर्मा एवं साथियों ने शानदार संगीत की प्रस्तुति से कार्यक्रम को मनमोहन बना दिया। चांपा सेवा संस्थान के द्वारा भगवान शिवरीनारायण मठ मंदिर न्यास के तत्वावधान में प्रत्येक वर्ष माघी पूर्णिमा के अवसर पर महा आरती का भव्य आयोजन संपन्न संपन्न होता है। इस वर्ष भी मनोज मित्तल, पुरुषोत्तम शर्मा, पद्मेश शर्मा, अरुण उपाध्याय, शशांक तिवारी एवं साथियों ने श्रद्धा भक्ति पूर्वक कार्यक्रम संपन्न कराया। कार्यक्रम में जांजगीर एसडीएम सुब्रत प्रधान, नवागढ़ न्यायाधीश सुश्री आरती ठाकुर, दिनेश दुबे, वीरेंद्र तिवारी, पूर्णेन्द्र तिवारी, चंद्रदेव राय, अयोध्या प्रसाद त्रिवेदी, राघवेंद्र प्रताप सिंह, हेमंत पल्लवी दुबे, रीना सुखराम दास, त्यागी जी महाराज, निरंजन लाल अग्रवाल, सुबोध शुक्ला, कमलेश सिंह, शैलेश शर्मा, लल्लन देवांगन, भोला शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक व दर्शानार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**नौकाओं पर सवार होकर लोगों ने महाआरती काउठाया आनंद-** महाआरती का आनंद लाभ अर्जित करने के लिए बहुत से लोगों ने अनेक नौकाओं पर अपने परिवार एवं इष्ट मित्रों सहित सवार होकर महा आरती का दर्शन लाभ प्राप्त किया।

# 300 से अधिक लोगों को दी गई निःशुल्क कानूनी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण



शिवरीनारायण में 1 फरवरी से 15 फरवरी तक आयोजित होने वाले माघी पूर्णिमा मेले में प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर के अध्यक्ष शक्ति सिंह राजपूत के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मनोज कुमार कुशवाहा के मार्गदर्शन में प्रथम श्रेणी व्यवहार न्यायाधीश एवं तालुका विधिक सेवा समिति नवागढ़ के अध्यक्ष सुश्री आरती ठाकुर, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश एवं तालुका विधिक सेवा समिति पामगढ़ के अध्यक्ष श्रीमती शीलू केशरी के द्वारा शिवरीनारायण मेले में विधिक सहायता एवं सलाह केन्द्र का स्टॉल लगाकर विधिवत शुभारंभ किया गया।

- माघी पूर्णिमा मेले में विधिक सहायता एवं सलाह केन्द्र का शुभारंभ

प्रथम व्यवहार न्यायाधीश एवं तालुका विधिक सेवा समिति नवागढ़ के अध्यक्ष सुश्री आरती ठाकुर द्वारा सायंकाल स्टॉल पहुंच कर लोगों को कानून से संबंधित पाम्पलेट वितरण कर जानकारियां प्रदान की गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मनोज कुमार कुशवाहा के द्वारा यह निर्देशित किया गया कि स्टॉल में तहसील अधिवक्ता संघ शिवरीनारायण के पूर्व अध्यक्ष जितेन्द्र तिवारी, अधिवक्ता भुनेश्वर बंजारे, एम.आर. कश्यप, कुमार निराला, रामनिवास शुक्ला एवं पैरालिगल वालंटियर सहदेव दास महंत, संतोष कुमार कश्यप, नरेंद्र सूर्यवंशी सुबह 11 बजे से रात्रि 8 बजे तक निःशुल्क कानूनी जानकारियां व सलाह प्रदान करेंगे। शुभारम्भ के अवसर पर प्रमुख रुप से प्रथम व्यवहार न्यायाधीश एवं तालुका विधिक सेवा समिति नवागढ़ के अध्यक्ष सुश्री आरती ठाकुर, अधिवक्ता संघ शिवरीनारायण के पूर्व अध्यक्ष जितेन्द्र तिवारी, भुनेश्वर बंजारे, कुमार निराला, रामनिवास शुक्ला, एम. आर. कश्यप, बलराम मधुकर, पैरालिगल वालंटियर सहदेव दास महंत, संतोष कुमार कश्यप, नरेंद्र सूर्यवंशी, मुख्यालय पटवारी दिलेश्वर प्रसाद कश्यप, अंबुज शर्मा, मोहन बनर्जी, भारत भूषण प्रधान, रामेश्वर जगत, किशोर सिदार, प्रधान आरक्षक तारकेश पांडेय, गौरीशंकर कौशिक, आरक्षक के.के. शुक्ला, लीला राम कश्यप, रामशरण, शिव कुमार चौहान, प्रकाश सहीस उपस्थित रहे।

## गोकुल लीला व गोवर्धन पूजा प्रसंग ने श्रद्धालुओं को किया भावविभोर

**अकलतरा।** ग्राम कोटमीसोनार के स्टेशन पारा में पटेल परिवार द्वारा 27 जनवरी से 4 फरवरी तक श्रीमद् भागवत ज्ञान कथा यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कथा के चौथे दिवस का प्रसंग श्रद्धा, भक्ति और भावनाओं से परिपूर्ण रहा। व्यास पीठ पर विराजित कथा वाचिका रामप्रिया पूजा तिवारी ने गोकुल लीला, भगवान श्रीकृष्ण के बाल चरित्र तथा गोवर्धन पूजा प्रसंग का अत्यंत सरस एवं भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने बताया कि बालकृष्ण की लीलाएं



केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि जीवन को धर्म, प्रेम और करुणा का मार्ग दिखाने वाली हैं। गोकुल लीला के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण द्वारा ग्वाल-बालों एवं गोपियों के साथ किए गए दिव्य क्रीड़ा प्रसंगों का वर्णन सुनकर श्रोता भावविभोर हो उठे।गोवर्धन पूजा प्रसंग में कथा वाचिका ने प्रकृति संरक्षण, कर्म और ईश्वर भक्ति का संदेश देते हुए बताया कि किस प्रकार भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्र के अहंकार को तोड़कर गोवर्धन पर्वत धारण कर ब्रजवासियों की रक्षा की। इस प्रसंग ने श्रद्धालुओं को आत्मचिंतन के लिए प्रेरित किया। महिला कथा वाचिका के श्रीमुख से प्रवाहित श्रीमद् भागवत कथा के रसपान हेतु क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा स्थल पर पहुंच रहे हैं।

# स्पष्ट दृष्टि दुर्घटनाओं को रोकने के साथ सुरक्षित सफर करती है सुनिश्चित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलमुला

न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड के आरसमेटा सीमेंट प्लांट के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। आरोग्यशाला में आयोजित इस शिविर का उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और दृष्टि संबंधी समस्याओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को कम करना था। निःशुल्क नेत्र जांच शिविर से विभिन्न समूहों के लोग लाभान्वित हुए। सड़कों पर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ट्रक एवं अन्य वाहन चालकों की आंखों की जांच पर विशेष ध्यान दिया गया। प्लांट के कर्मचारियों और कॉलोनी के निवासियों ने इसमें सक्रिय रूप से भाग लिया। आसपास के गांवों के सदस्यों और स्थानीय छात्रों ने भी अपनी आंखों की जांच करवाई। आंखों की जांच के अलावा, प्रतिभागियों को उनके निदान के आधार पर निःशुल्क दवाएं प्रदान की गईं। नेत्र विशेषज्ञों ने सुरक्षित ड्राइविंग में स्पष्ट दृष्टि की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में ट्रक एवं अन्य वाहन चालकों को जागरूक किया। निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का उद्घाटन रवींद्र धारकर, प्लांट हेड, सुरक्षा प्रमुख और एचआर प्रमुख द्वारा चीफ डॉक्टर डॉ. अभिषेक पांडे की उपस्थिति में किया गया। प्रबंधन ने सामुदायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति न्युवोको की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए इस बात पर जोर दिया कि सड़क सुरक्षा माह के तहत ऐसी पहल ट्रक एवं अन्य वाहन चालकों और आम जनता के कल्याण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इस अवसर पर रवींद्र धारकर, प्लांट हेड, आरसमेटा सीमेंट प्लांट ने न्युवोको की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहाः 'न्युवोको में हमारे लिए सुरक्षा और सामुदायिक स्वास्थ्य सर्वोपरि हैं। सड़क सुरक्षा केवल नियमों के पालन तक सीमित नहीं है, बल्कि चालक का शारीरिक रूप से स्वस्थ होना भी उतना ही अनिवार्य है। 'सड़क सुरक्षा माह' के तहत यह पहल ड्राइवरों और आम जनता के जीवन को सुरक्षित बनाने की दिशा में हमारा एक छोटा सा कदम है। स्पष्ट दृष्टि न केवल दुर्घटनाओं को रोकती है, बल्कि सड़कों पर सभी के लिए सुरक्षित सफर सुनिश्चित करती है।

- न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने किया निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन


शिविर में जांच करते चिकित्सक।

## बिर्रा में संकुल स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता आज से

**बिर्रा।** विकासखंड बम्हनीडीह के अंतर्गत संकुल केंद्र बिर्रा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा में संकुल स्तरीय कीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार 3 फरवरी को सुबह 11 बजे शुभारंभ किया जाएगा। संकुल केंद्र बिर्रा के संकुल समन्वयक रामकिशोर देवांगन ने बताया कि संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन 3 फरवरी से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा में रखा गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरिराम जयसवाल जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा जांजगीर चांपा होंगे। अध्यक्षता श्रीमती रत्ना थवाईत करेंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में सुश्री प्रज्ञा यादव मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बम्हनीडीह, अविनाश चौहान तहसीलदार महोदय बम्हनीडीह, चंद्र कुमार साहू नायब तहसीलदार बम्हनीडीह, अभिषेक यादव नायब तहसीलदार सारागांव, दिनेश सोनवान सहायक जिला समन्वयक, वीरेंद्र बेहार खंड समन्वयक बम्हनीडीह, मनोज कुमार तिवारी जिला संयोजक शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, बसंत चतुर्वेदी प्रदेश उपाध्यक्ष, रविंद्र राठौर प्रदेश अध्यक्ष, गोकुल जायसवाल जनपद सलाहकार, दुष्यंत सिंह राज जनपद उपाध्यक्ष सलाहकार आदि होंगे। प्रतियोगिता का समापन गुरुवार 5 फरवरी दिन को होगा।

# जनसहयोग से संवरेगी सूरत, मुक्तिधाम के बाद अब कब्रिस्तान के कायाकल्प की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह

नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी राधाचरण तिवारी ने आगामी विकास योजनाओं को लेकर एक बड़ा विजन साझा किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिस प्रकार सभी नगरवासियों के सक्रिय सहयोग से मुक्तिधाम का कायाकल्प कर उसे एक गरिमामय स्वरूप दिया गया है, ठीक उसी तर्ज पर अब मुस्लिम कब्रिस्तान के जीर्णोद्धार का बीड़ा उठाया गया है। यह पहल न केवल शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगी, बल्कि आपसी सद्भाव और सामूहिक प्रयासों की एक मिसाल भी पेश करेगी।

मुख्य नगर पंचायत अधिकारी तिवारी ने जोर देते हुए कहा कि नगर प्रशासन का मुख्य ध्येय केवल चुनिंदा क्षेत्रों तक सीमित नहीं है, बल्कि नगर के सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्यों को गति दी जा रही है। शहर की सुंदरता और नागरिकों के स्वास्थ्य को


चल रहा रंग रोगन व साफ सफाई का काम।

प्राथमिकता देते हुए साफ-सफाई की व्यवस्था पर विशेष जोर दिया जा रहा है। प्रशासन की मंशा है कि बम्हनीडीह का हर कोना स्वच्छ और व्यवस्थित नजर आए। इस पूरी कार्ययोजना में आम जनता की भागीदारी को सबसे अहम कड़ी माना जा रहा है, क्योंकि जनसहयोग के बिना किसी भी बड़े बदलाव की कल्पना करना अधूरा है। आने वाले दिनों में नगर प्रशासन की इन योजनाओं से बम्हनीडीह की तस्वीर पूरी तरह बदली हुई नजर आएगी।

# धर्म की ग्लानि होने पर भगवान होते हैं अवतरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

लक्ष्मी टाइपिंग हजारी गली अम्बे रेसिडेंसी में चल रहे श्रीमद् भगवत गीता सार सुखद जीवन का आधार ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन प्रवक्ता राजयोगिनी तपस्विनी

- श्रीमद् भगवत गीता सार सुखद जीवन का आधार ज्ञान यज्ञ का पांचवा दिन

ब्रह्माकुमारी शशिप्रभा ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए परमात्मा का गीता में वर्णित सत्य परिचय से अवगत कराते हुए कहा कि भगवान इस धरा पर आते हैं और अभी भगवान स्वयं आकर यह ज्ञान दे रहे हैं।

गीता में दिए गए वचन के अनुसार जब-जब धर्म की अति ग्लानि होती है तब- तब भगवान इस धरा पर अवतरित होते हैं और सत्य गीता ज्ञान देकर मनुष्यओं की सदगति करते हैं गीता में भगवान ने कलयुग के जितने लक्षण बताए हैं सबसे हम आगे निकल चुके हैं यही समय है जब भगवान इस धरा पर आ चुके हैं और भगवान ने अपने स्वरूप का ज्ञान हमें दिया है वह ज्योति स्वरूप है, अणु से भी सूक्ष्म है, आदित्य वर्ण है,अचिंत्य स्वरूप है, जिस प्रकार हजारों सूर्य एक साथ आकाश मंडल में उदित होने से प्रकाश होता है इतना ही उनका प्रकाश तेजोमय है, बीजम मां सर्वभूतानाम विधिपार्थ सनातनम इस संपूर्ण सृष्टि के वह बीज रूप है 11वें अध्याय के 32वें शलोक में उन्होंने कहा है कि मैं कालों का काल महाकाल हूं, जब हम उन्हें दिल से पुकारते हैं याद करते हैं तो वह तुरंत मदद के लिए हमारे पास उपस्थित हो जाते हैं। इसलिए हर एक जीवात्मा का कर्तव्य है कि वह अर्जुन की भांति परमात्मा को अपनी बुद्धि चित समर्पित कर उनके बताए मार्ग का अनुसरण करें। कार्यक्रम आयोजक लक्ष्मीचंद देवांगन एवं श्रीमती उमा देवांगन ने कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं का अभिनन्दन किया। श्रीमद् भगवत गीता सार सुखद जीवन का आधार ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन गीता ज्ञान श्रवण कर रहे श्रद्धालुओं में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष चांपा राजेश अग्रवाल, सुनील साधवानी, अनिल मनवानी, मनोज धमेचा, रामू खुबवानी, नागेंद्र गुप्ता आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी श्रद्धालुओं में उमंग उत्साह और हर्ष का वातावरण बना रहा।


कार्यक्रम में उपस्थित ब्रह्माकुमारी शशिप्रभा एवं श्रद्धालुजन।

# निष्ठा एवं समर्पण के साथ करना चाहिए सेवा कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

आल इंडिया लीनेस क्लब्स डिस्ट्रिक्ट सी.जी-1 स्वर्णिम सत्र 2026 के अंतर्गत लीनेस क्लब जांजगीर-जाज्वल्या का शपथ ग्रहण समारोह अत्यंत गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ । इस अवसर पर मुख्य अतिथि लीनेस सुधा साव पास्ट डिस्ट्रक्ट प्रेसिडेंट एवं विशिष्ट अतिथि एरिया ऑफिसर संध्या पाण्डेय की गरिमामयी उपस्थिति रही।

- लीनेस क्लब जांजगीर-जाज्वल्या की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

अतिथियों द्वारा भारत माता के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। नई कार्यकारिणी को अपने अपने पद एवं दायित्वों की शपथ ,शपथ अधिकारी सुधा साव द्वारा दिलवाया गया। उन्होंने कहा कि समाज सेवा, महिला सशक्तिकरण एवं लीनेस क्लब के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु निष्ठा एवं समर्पण के साथ सेवा कार्य करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि एरिया ऑफिसर संध्या पाण्डेय ने नई कार्यकारिणी को उज्जवल एवं सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं प्रदान करते हुए कहा कि सभी सदस्य सेवा,सौहार्द और सामाजिक दायित्वों की भावना से कार्य करें । स्वागत भाषण देते हुए लीनेस नवनिर्वाचित अध्यक्ष सरिता शर्मा ने कहा कि लीनेस क्लब सेवा संगठन ही नही बल्कि मैत्री, एकता और नेतृत्व विकास का सशक्त मंच है। उन्होने पूरे सदस्यों को साथ लेके पूरी निष्ठा से सेवा कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन सचिव लीनेस जूही गौरहा ,ध्वज वंदना लीनेस प्राची पाण्डेय एवं आभार प्रदर्शन लीनेस गंगा गट्टानी द्वारा किया गया ।अंत मे अतिथियों का सम्मान शॉल, श्रीफल से लीनेस सदस्यों द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि सुधा साव द्वारा जूही गौरहा को सम्मानित किया गया एवं विशिष्ट अतिथि संध्या पाण्डेय द्वारा अध्यक्ष सरिता शर्मा,सचिव जूही गौरहा एवं कोषाध्यक्ष नामिषा थवाईत को गिफ्ट भेट कर सम्मानित किया गया। शपथ अधिकारी लीनेस सुधा साव द्वारा अध्यक्ष लीनेस सरिता शर्मा,सचिव लीनेस जूही गौरहा,कोषाध्यक्ष लीनेस नामिशा थवाईत,उपाध्यक्ष लीनेस कल्पना केशरवानी, सहसचिव लीनेस प्राची पाण्डेय,सह कोषाध्यक्ष लीनेस गंगा गट्टानी,पी. आर .ओ लीनेस मधु शर्मा,क्लब कोऑर्डिनेटर सरोज पाटनी,फेलोशिप ऑफिसर सुनीता गट्टानी ,सदस्यगण स्मृति गौरहा,प्रभा साहू,छबि जैन को शपथ दिलवाया गया।


शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित लीनेस क्लब की पदाधिकारी।

